[This question paper contains 8 printed pages.]

**7989**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* .............

**LL.B./VI Term** **ES**

Paper LB–6042

NEGOTIABLE INSTRUMENTS, BANKING AND INSURANCE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer any* **five** *questions.*

**All** *questions carry equal marks.*

*कुल* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. (a) Discuss the essential characteristics of a valid promissory note.

(b) Are the following Negotiable Instruments ? Discuss the nature of the instruments, supporting your answer with reasons.

(i) "I promise to pay the bearer a sum of Rs. 5000/- on demand."

(ii) "Please pay X or order Rs. 5000/- sixty days after sight."

(iii) "I promise to pay M's son Rs. 5000/- for value received.. (M has four sons)."

(iv) "Mr. X, kindly pay the bearer Rs. 5000/- and place the amount to my account, for that I shall be grateful to you. Sincerely Y."

(क) विधिमान्य वचन-पत्र की आवश्यक विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

(ख) क्या निम्नलिखित परक्राम्य लिखत हैं ? अपने उत्तर को तर्कों से पुष्ट करते हुए लिखतों के स्वरूप का विवेचन कीजिए।

(i) "मैं धारक को मांग पर 5000/- रु. देने का वचन देता हूं।"

(ii) "दर्शनोपरान्त 60 दिन कृपया X को या आदेश पर 5000/- रु. दे दें।"

(iii) "मैं प्राप्त मूल्य हेतु M के पुत्र को 5000/- रु. देने का वचन देता हूं (M के चार पुत्र हैं)"

(iv) "मिस्टर X कृपया धारक को 5000/- रु. दें तथा इस राशि को मेरे खाते में जमा कर दें। इसके लिए मैं आपका आभारी रहूंगा। भवदीय Y"

2. What do you mean by the term 'holder' of a negotiable instrument ? Is the definition given in the Negotiable Instruments Act, 1881 free from anomalies ? How the recommendations of the Law Commission of India and the English Law on the point is helpful in this regard.

परक्राम्य लिखत के 'धारक' शब्द से आपका क्या अभिप्राय है ? क्या परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 में दी गई परिभाषा विसंगतियों से मुक्त है। इस बारे में भारत के विधि आयोग की सिफारिशे और इंगलिश विधि इस बिन्दु पर किस प्रकार सहायक हैं ?

3. (a) What are the necessary ingredients to be proved by a person to be called a holder in due course ?

(b) A by fraud induces B to make a promissory note in his favour. A negotiates that promissory note to C, who takes it for value and in good faith. Subsequently C negotiates the same to D, who takes it with full knowledge that the title of A was defective. Discuss the status of D.

(क) किसी व्यक्ति को सम्यक अनुक्रम में धारक कहे जाने के लिए किन आवश्यक तत्वों को साबित करना पड़ता है ?

(ख) A कपट द्वारा B को अपने पक्ष में वचन-पत्र देने के लिए उत्प्रेरित करता है । A उस वचन-पत्र का परक्रामण C को करता है जो इसको मूल्य हेतु तथा सदभाव से लेता है । बाद में C उसका परक्रामण D को करता है जो इसको पूर्ण जानकारी के साथ लेता है कि A की हक़दारी चूकपूर्ण थी । D की प्रास्थिति का विवेचन कीजिए ।

4. Attempt briefly any **four** of the following :

(a) Effect of material alteration.

(b) Difference between A/C payee crossing and Not Negotiable crossing.

(c) Indorsement in blank and Indorsement in full.

(d) Difference between Negotiation and Assignment.

(e) Liability of a drawee of a cheque.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर लिखिए :

(क) तात्विक परिवर्तन के परिणाम।

(ख) पा/खाता क्रॉसिंग और अपरक्राम्य क्रॉसिंग के बीच अन्तर।

(ग) निरंक पृष्ठांकन और पूर्ण पृष्ठांकन।

(घ) परक्रामण और समनुदेशन के बीच अन्तर।

(ङ) चैक के उपरवाल का दायित्व।

5. (a) Explain the rules applicable for the proper construction of insurance policies.

(b) A owns and runs a shop where he sells electronic gadgets. He got his shop insured against fire in the year 2013 for a period of one year. One of the clauses of the insurance contract started that : "no inflammable material shall be 'kept or stored' in the shop. The shop was gutted by fire on May 5, 2014. It was found that, at the time when the fire broke out, a cooking stove was kept in the

shop for making tea for workers which contained a very small quantity of kerosene oil. Explain the possibility of A getting Insurance claim.

(क) बीमा पालिसियों के उचित अर्थान्वयन हेतु लागू होने योग्य नियमों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) A एक दुकान का स्वामी और चलाने वाला है जहां वह बिजली की जुगतें बेचता है। उसने वर्ष 2013 में एक वर्ष के लिए अपनी दुकान का आग के विरूद्ध बीमा कराया। बीमा संविदा के एक खंड की शुरूआत थी: "दुकान में कोई ज्वलनशील सामग्री रखी या भंडारित नहीं की जाएगी।" 5 मई, 2014 को दुकान आग से जल गई। यह पता चला कि आग लगने के समय कर्मकारों को चाय बनाने के लिए दुकान में कुकिंग स्टोव रखा हुआ था जिसमें थोड़ी मात्रा में मिट्टी का तेल भरा हुआ था। A की बीमा पाने की संभावना को स्पष्ट कीजिए।

6. "Section 131 of the Negotiable Instruments Act, 1881 confers protection to a collecting banker receiving payment of a cheque in case the title of the customer to it is proved defective." State the essential requirements for claiming such protection. Discuss with the help of decided cases the standard of care expected of a collecting banker to enable it to claim this protection.

"परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881, की धारा 131 चैक का संदाय प्राप्त करने वाले संग्राहक बैंकर को उस स्थिति में संरक्षण प्रदान करती है यदि ग्राहक की इसके प्रति हक़दारी त्रुटिपूर्ण साबित होती है।" ऐसे संरक्षण की मांग करने हेतु आवश्यक अपेक्षाओं का उल्लेख कीजिए। संग्राहक बैंकर को इस संरक्षण की मांग योग्य बनाने हेतु उससे जिस सांवधानी मानक की आशा की जाती है उसका विवेचन विनिश्चित केसों की सहायता से कीजिए।

7. "Though the initial purpose of bringing on statute book, Section 138 of Negotiable Instruments Act was to inculcate confidence in the banking system but the same is found to be defeated in practise."

Comment on the above statement with reference to statutory provisions and case law on the subject.

"यद्यपि परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 को कानून की पुस्तक में अन्तर्विष्ट करने का शुरूआती प्रयोजन बैंकिंग प्रणाली में विश्वास पैदा करना था किन्तु व्यवहार में यह विफल होता पाया गया है।"

इस विषय पर निर्णय विधि और कानूनी उपबंधों के निर्देश सहित उक्त कथन पर टिप्पणी लिखिए।

8. "Contracts of Insurance are uberrimae fides." Elucidate with the help of judicial decisions and statutory provisions on the subject.

"बीमा की संविदाएं परम विश्वास होती है।" न्यायिक विनिश्चयों और इस विषय पर कानूनी उपबंधों की सहायता से व्याख्या कीजिए।